A question was asked about the visit of Shri Darbara Singh to Nangal in connection with the immersion of the body of Sant Mohinder Singh. Shri Darbara Singh has been provided with security. That is why, his gunman and another policeman of the escort party opened fire. We know that Shri Darbara Singh is a great devotee of that Sant. That is why he had been there. I can assure the hon. Member that whenever people intimate us the places which they visit, necessary action is being taken to provide security. Shri Darbara Singh has been provided with full security measures. He has been well protected as could be evident from the incident that has taken place.

So far 91 persons have been interrogated. Because of this interrogation we are able to get very good clues about the source of these extremist activities that are going on. It will not be in the fitness of things to divulge that. But whosoever is arrested, we are interrogated him. In this way, we have been able to have a major breakthrough in some of the offences that have been committed during these days.

About Police entering the Golden Temple we have said time and again that Government has no intention to enter this place of holy worship. We have been appealing to the Akali leadership to hand over those anti-social elements who are indulging in violent activities to the Police for appropriate action. We still believe in the good sense of the Akali leadership. I also appeal to the opposition leaders to use their good offices with the Akali leadership in order to prevail upon them to hand over those people who are responsible for such criminal activities.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Why involve the opposition leaders ?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : You get involved because you speak to them. We have to arrive at a solution which is acceptable to everybody. So, you must also appeal to the Akali leadership.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : You are in the Government and we are in the opposition.

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is a request to the opposition by the Government.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : This is a request for their consideration.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : They want us to share the blame while they want to take the credit themselves.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : We shall take the blame as well as the credit. It will be on their credit side if they persuade the Akali leaders to hand over the anti-social elements to the Government. The Prime Minister and the Home Minister haye said time and again that the Government has no intention to enter the Golden Temple. We want the cooperation of everybody so that these lawless elements are put down. We have provided increased security to Ministers and other VIPs. Whenever friends from opposition and others

ask us to provide necessary security, all possible efforts are made to provide them security.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Provide security to your security people ?

**श्री मनी राम बागड़ी** (हिसार) : उस रेलगाड़ी के अन्दर पुलिस नहीं थी जिसमें कत्ल हुए हैं।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : A question was also asked as to whether some newspaper reports were published with regard to the attempt on the Deputy-Speaker of Haryana Assembly and also on Smt. Shanti Devi, MLA, who was accompanying the Deputy-Speaker ? According to the reports we have received, apart from the report of the Haryana Government, Shri Ved Pal escaped unhurt in this incident. The miscreants who were reported to be Sikh youths escaped. The Government of Haryana have informed that DIG, Ambala Range and S.P. Karnal are personally supervising the investigation of the case Raids have been conducted at likely hide-outs and about fifty persons have been detained for interrogation. All possible entry and escape routes on Punjab and Haryana border are being closely watched and all District Superintendents of Police in Haryana have been directed to thoroughly check all suspected persons and venicles. They have also been asked to keep a close and constant watch to prevent any reaction by major community as tension has been reported from Karnal and Panipat. Increased security has been provided to other VIPs and Ministers.

**श्री मनीराम बागड़ी** : जो आदमी अरेस्ट किये हैं, उनके नाम अखबारों में आ गये हैं, लेकिन वह आप यहां बताते ही नहीं हैं।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Whatever has appeared in the Press and what Mr. Bagri has pointed out, we are trying to get it confirmed from the Haryana Government. So far we could not get any information as far as the news published in the newspapers is concerned.

**श्री हरिकेश बहादुर** (गोरखपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है, इसके बारे में मुझे यह कहना है कि श्री दरबारा सिंह के ऊपर जो आक्रमण हुआ, वह बहुत ही निन्दनीय है। लेकिन माननीय अध्यक्ष महोदय ने इसको इसलिये स्वीकार किया कि पंजाब में आज राष्ट्रपति शासन लागू है, नहीं तो यह कह दिया जाता कि यह कानून और व्यवस्था का मामला है इसलिए इसे राज्य सरकार ही देखेगी, केन्द्रीय सरकार इस पर कोई जवाब नहीं देगी। चूंकि वहां राष्ट्रपति शासन लागू है, इसलिए यह मामला एडमिट हुआ है।

दूसरी बात यह है कि रेल ट्रैक पर जो बम एक्सप्लोजन हुआ है, इस वजह से हरियाणा का भी यह मामला कालिंग अटेंशन के रूप में एडमिट हुआ।

तीसरी चीज भी जो एडमिट हुई है वह यह कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर पर भी आक्रमण हुआ। अब सवाल यह है कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर पर जो हमला हुआ, उस मामले को एडमिट किया जा सकता था या नहीं ? अगर यह एडमिट किया जा सकता था तो बार-बार हम लोगों ने यहां सवाल उठाया है कि उत्तर प्रदेश में विरोधी दल के नेता श्री मुलायम सिंह यादव पर हमला हुआ, उस पर यहां बहस करवायें, लेकिन वह मामला एडमिट नहीं हुआ। मेरा कहना यह है कि जब इस तरह की चीजें एडमिट होती हैं तो दूसरे राज्यों में जो ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनके बारे में बराबर यहां अपील की गई है कि उनको भी एडमिट किया जाये, तो उनको क्यों छोड़ दिया जाता है ?

यहां अब जो एडमिट किया गया है, मैं उसी के बारे में कहूंगा, लेकिन मैं चाहता हूं कि सब पर बहस हो। दूसरी बातों पर भी बहस हो जो कि एडमिट नहीं किये गये हैं। लेकिन मैं अपने को उसी तक सीमित रखूंगा जो कि एडमिट किया गया है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री मुलायम सिंह

यादव पर जो आक्रमण हुआ है, वह गलत कार्य है, जघन्य कार्य है और केन्द्रीय सरकार को उस बारे में सी० बी० आई० की जांच करवानी चाहिये। यह कहकर मैं आगे की बात कहना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब में जो कुछ भी हो रहा है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अभी मेरे मित्र माननीय श्री जैनुल बशर ने उसके बारे में काफी कुछ कहा लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से वहां राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तभी से स्थिति और बिगड़ी है और सरकार चाहे जितने भी आंकड़े यहां बतलाये, उनका कोई मतलब नहीं निकलता, क्योंकि प्रतिदिन अखबारों से यह सुनने को मिलता है कि वहां हत्याएं हो रही हैं, रेलगाड़ियों और बसों में हत्याएं हो रही हैं, कहीं बम फोड़े जा रहे हैं, मोटर साइकिल से जाने वाले लोगों को मार रहे हैं।

श्री दरबारा सिंह पर यह दूसरी बार हमला हुआ है, लेकिन सरकार उन्हें सुरक्षा देने में पूरी तरह से असफल रही है। वह जिस स्थान पर गए थे, क्या उन्होंने वहां जाने की सूचना पुलिस या प्रशासन को दी थी या नहीं; अगर दी थी, तो उनकी सुरक्षा की उचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई? यह एक महत्वपूर्ण सवाल है, जिसका मंत्री महोदय ने जवाब नहीं दिया है।

पंजाब की हालत यह है कि वहां पर शिवरात्रि के अवसर पर बम फेंककर तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। लोगों का ट्रेन और बस से यात्रा करना मुश्किल हो गया है। हरियाणा में जो कुछ कराया गया—चाहे जिसके द्वारा कराया गया, उससे पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। हरियाणा की घटनाओं का पंजाब की स्थिति पर बहुत बुरा असर पड़ा है। वहां पर उग्रवादियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं और कई दावे करने के बावजूद सरकार उन्हें निमंत्रित करने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है।

मंत्री महोदय ने गृह मंत्री के 28 फरवरी, 1984 के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा है कि उन्होंने इस सदन को सूचित किया था कि सरकार हिंसा का पूरी दृढ़ता के साथ मुकाबला करेगी। अगर सरकार ने सचमुच दृढ़ता के साथ हिंसा का मुकाबला करने का प्रयास किया होता, तो ये रोज होने वाली घटनाएं बन्द हो गई होतीं। तथ्य यह है कि सरकार पंजाब में हिंसात्मक घटनाओं को नियंत्रित करने में पूरी तरह से असफल सिद्ध हुई है।

पंजाब में कृषि का काम करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश से जो लोग जाते हैं, उनमें से कुछ लोगों की हत्याएं हुई हैं। अगर कुछ दिनों बाद वहां पर कृषि की स्थिति खराब होगी, तो देश के सामने एक गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करके उग्रवादियों की गतिविधियों को नियंत्रित करना चाहिए।

सरकार से बार-बार अनुरोध किया गया है कि प्रधान मंत्री और अकाली दल के अध्यक्ष की सीधी वार्ता होनी चाहिए। लेकिन प्रधान मंत्री ने एक वक्तव्य में कहा है कि अगर हम अकालियों से कोई समझौता कर भी लें, तो वे उसको स्वीकार ही नहीं करेंगे, इसलिए बातचीत और समझौते का कोई मतलब ही नहीं है। अगर प्रधान मंत्री पहले से ही यह भावना रखेंगी, तो वार्ता के लिए कोई पहल नहीं हो पाएगी। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस समय कोई ऐसी पहल कर रही है, जिसके आधार पर प्रधान मंत्री और अकाली दल के अध्यक्ष, संत हरचन्द सिंह लोंगोवाल, के बीच कोई बातचीत हो सके, अगर नहीं, तो उसके क्या कारण हैं।

श्री दरबारा सिंह की स्थिति के बारे में 22 मार्च, 1984 के आनलुकर मैगजीन में व्यापक रूप से बताया गया है कि पंजाब में क्या स्थिति है, किस वजह से यह स्थिति पैदा हुई है और श्री दरबारा सिंह को किस प्रकार की स्थिति का सामना करना पड़ा है। मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता। सरकार उन बातों को गंभीरतापूर्वक ले और उनकी समीक्षा कराए। उसमें कई ऐसी

बातें हैं, सरकार को जिनकी जांच करके उचित कार्यवाही करनी चाहिए। इस मैगजीन को पढ़ने से साफ पता लगता है कि सत्तारूढ़ दल ने जान-बूझकर पंजाब की स्थिति को बिगाड़ा है। यह बात इसमें बहुत विस्तारपूर्वक लिखी गई है।

**श्री राम विलास पासवान** : पढ़कर बताइए।

**श्री हरिकेश बहादुर** : उसके पेज 13 पर लिखा हुआ है :—

> "Meanwhile, ** on the one hand and Amarendra Singh on the other hand, continued their designs to see that the situation worsened in the State. Their efforts, directed from two different directions, resulted in the ouster of Darbara Singh. Amarendra Singh wanted a quick solution on the Akali demands together with the political settlement in the form of a constitutional government...."

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Sir, he is bringing in the name**

SHRI HARIKESH BAHADUR : When he was the Home Minister.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Whatever it is, it cannot be done. You have enough material to deal with the situation. Why do you bring in names ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH) : He has referred to the paper. He did not want to read it in the beginning, but he was prompted by some hon. Members. Then only he read it.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Harikesh, please, do not refer to it.

मैं ऐसी बात कह रहा हूं कि जिससे भारत के वर्तमान राष्ट्रपति का कोई सम्बन्ध नहीं है। मैं एक ऐसे व्यक्ति की बात कर रहा हूं जो कांग्रेस (आइ) का चार साल पहले नेता था।

**श्री राम विलास पासवान** : भूतपूर्व मुख्य मंत्री थे।

PROF. MADHU DANDAVATE : Sir, you need not protect ** with restrospective effect.

MR. DEPUTY-SPEAKER : At least he can say something about the Deputy-Speaker, whose life was attempted. You can say something about it.

**श्री हरिकेश बहादुर** : मैं इसे अपनी ओर से ही कहना चाहता था। मुझे याद था कि आप बोलने नहीं देंगे। ...(व्यवधान)... मैं आपका इतना ख्याल रखता हूं कि उसे जान बूझ कर नहीं रख रहा था।

6 मार्च 1984 को प्रधान मंत्री के निवास स्थान पर एक बैठक हुई जिसमें कि कांग्रेस आइ के विधायकों ने जो पंजाब से आते हैं भाग लिया और साथ-साथ उसमें संसद सदस्य भी थे। उन लोगों ने यह कहा कि मौजूदा जो वहां का प्रशासन है और वहां के जो प्रमुख हैं वह उसकी स्थिति को सुधार नहीं पा रहे हैं। अखबारों में तो काफी इस तरह की बातें निकली थीं। राज्यपाल की काफी आलोचना हुई थी और तरह तरह की बातें उसमें कही गई थीं। सवाल यह है कि अगर राज्यपाल वहां के ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं जैसा कि कांग्रेस आइ के विधायकों का कहना था तो उनकी जगह पर किसी दूसरे व्यक्ति को राज्यपाल बना कर भेजिए। मैं तो यह चाहूंगा, कांग्रेस पार्टी के अन्दर बहुत से अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं जैसे हमारे रक्षा मंत्री वैंकटरामन जी हैं, विदेश मंत्री नरसिंह राव जी हैं, इन लोगों को आप वहां राज्यपाल बना कर भेज दीजिए। मैं तो चाहूंगा कि हमारे आदरणीय पंडित कमलापति त्रिपाठी जी को ही वहां पर भेज दीजिए......

**श्री मनी राम बागड़ी** : बलि का बकरा उन्हीं को बनाना है क्या ?

**श्री हरिकेश बहादुर** : जो अनुभवी लोग हैं वह

**Not recorded.

वहां की स्थिति को सुधार सकते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Why not somebody from the Opposition ? Mr. Mani Ram Bagri can be the one.

**श्री हरिकेश बहादुर** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या मौजूदा राज्यपाल को वापस बुलाने की कोई योजना है और इस प्रकार के अनुभवी राजनीतिज्ञों को जिनका मैंने सुझाव दिया है, उनको भेजने के बारे में क्या सरकार मेरे इस सुझाव को स्वीकार करेगी ? क्या इस प्रकार के अनुभवी लोगों को वहां पर भेज कर वहां की स्थिति को सुधारेगी।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अपोजीशन को हमेशा ही दोषी ठहराया जाता है, खास तौर से प्रधान मंत्री जी जब भी कहीं जाती हैं और भाषण देती हैं तो यही कहती हैं कि अपोजीशन के लोग गैर-जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं, ये स्थिति को बिगाड़ रहे हैं। लेकिन जब वह देखती हैं कि उनके सामने कोई परेशानी है और उस परेशानी को वह नहीं हल कर सकतीं तो फौरन वह विरोधी दल के नेताओं का सहयोग लेना चाहती हैं। मैं विरोधी दल के नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वे उन्हें सहयोग देने के लिए जाते भी हैं जब कि जो स्थिति वह बना देती हैं उस स्थिति में अगर राष्ट्रीय हितों का प्रश्न न हो तो कोई भी नेता प्रधान मंत्री के साथ सहयोग नहीं करना चाहेगा। इससे साबित होता है कि विरोधी दल के नेता राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि महत्व देते हैं और उसको सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं कि इतनी आलोचना करने के बाद भी, बार-बार इतनी कटु बातें सुनने के बाद भी वह प्रधान मंत्री के बुलाने पर जाते हैं और उनको सहयोग देने के लिए तैयार रहते है। अपमानित होकर भी वह उन्हें सहयोग दे रहे हैं। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। प्रधान मंत्री जी बार-बार उनके ऊपर इस प्रकार के आक्षेप लगाती हैं।······ (**व्यवधान**)···हम महसूस करते हैं कि जिस प्रकार की बातें सरकार की ओर से अपोजीशन के लिए कही जाती हैं उनको कोई भी अपने लिए अपमान-जनक समझ सकता है लेकिन उसके बावजूद उनकी बात अपोजीशन वाले इसलिए मानते हैं क्योंकि वे राष्ट्रहित चाहते हैं। इसी बात से विरोधी दलों की महानता और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा जाहिर हो जाती है। विरोधी दल इसीलिए आज की पंजाब की मौजूदा स्थिति के समाधान के लिए कोशिश करता रहता है।

हिन्दू-सिख झगड़े की बात बराबर कही जाती है जबकि इसका कोई सवाल कभी पैदा नहीं होता है। वास्तविकता यह है कि भारत सरकार के डी० ए० वी० पी० द्वारा प्रकाशित जो एक बुकलेट है उसका एक अंश मैं पढ़कर सुनाना चाहता हूं जो कि गुरु नानक जी के बारे में लिखा गया है :

> Guru Nanak was born in a Hindu Khatri family in 1469(AD) at Talwandi Rai Bhoe near Lahore, now in Pakistan. It is now known as Nankana Sahib.

इसके अतिरिक्त इसी किताब में यह भी लिखा हुआ है जो मैं कोट करना चाहता हूं :

> The greatest and most glorious contribution of the Guru to the culture of India is his emphasis on basic equality, brotherhood and oneness of all human beings.

यह सिख धर्म की शिक्षायें हैं। गुरु नानक जी का जो कहना है, जोकि इस किताब में कोट किया गया है, उसी को मैं कोट करना चाहता हूं :

> "No one is high or low". "They alone are of low birth who forget the Master. Without the grace of His name their status is low."

सिख धर्म के जो पांच तख्त हैं, उनमें से दो तख्त आज भी पंजाब से बाहर हैं। उनमें से एक पटना (बिहार) में है और दूसरा नांदेड़ (महाराष्ट्र) में है। ये दोनों ही तख्त पंजाब से बाहर हैं और इस बात से यह जाहिर होता है कि हमेशा ही पूरे देश में सिख धर्म के प्रति बड़ी श्रद्धा तथा सम्मान रहा है। लेकिन आज उन चीजों को भुलाने की कोशिश की जा रही है। जिस तरह की घटनायें

घट रही हैं, वह इस देश के लिए बहुत ही खतरनाक हैं। हिन्दू और सिख में कोई फर्क नहीं है—यही बात मैं बतलाना चाहता था। मैं चाहता हूं कि इस बुकलेट के द्वारा सरकार जो बातें हम लोगों तक पहुंचाना चाहती है, उसको पंजाब के लोगों में व्यापक रूप से पहुंचाने का प्रयत्न करे।

पेज 4 पर मैं फिर कोट करना चाहता हूं जिसमें गुरु बन्दा बैरागी के बारे में लिखा गया है :

> After the death of Guru Gobind Singh, the tenth Guru of the Sikhs, the torch of light for freedom was passed on to Banda Bairagi, a Rajput from Jammu province.

यह सारी बातें साफ-साफ इस बात को जाहिर करती हैं कि हिन्दू और सिख के बीच में कोई झगड़ा नहीं है बल्कि कुछ लोग जान-बूझ कर यह झगड़ा पैदा करना चाहते हैं, राजनीतिक कारणों से ऐसा करना चाहते हैं और उसका मुकाबला करने में यह सरकार असफल रही है। सरकार लोगों को ठीक प्रकार से प्रशिक्षित नहीं कर पाई जिससे कि वे अपनी पुरानी परम्पराओं और विरासत को समझ सकते। मैं जानना चाहता हूं कि इस प्रकार का जो साहित्य प्रकाशित हुआ है, क्या इसको छपवाकर सरकार पंजाब में व्यापक रूप से बटवायेगी और इस प्रकार से वहां के लोगों को प्रशिक्षण देगी जिससे कि आज जो एक घृणा का वातावरण फैलाया जा रहा है, उसको समाप्त किया जा सके ?

इसी के साथ-साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं क्या सरकार ने कोई पीस-मार्च की योजना बनाई है जिसमें प्रधान मन्त्री भी शरीक हों, गृह मन्त्री भी शरीक हों और विरोधी दल के जो बड़े-बड़े नेतागण हैं, वे भी शरीक हों ? अभी माननीय सदस्य ने यह बात उठाई थी और सुझाव दिया था कि लोक सभा के अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में पीस मार्च आयोजित किया जाए—क्या इस पर सरकार विचार करेगी ?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Sir, I am really thankful to hon. Shri Harikesh Bahadur that he has given very good discourse on communal harmony and these things must be taken seriously. Again he has started about making allegations against the Prime Minister and the Congress. This has become very old and stale and the Prime Minister has time and again refuted. As a matter of fact, the Government have got vested interests in maintaining peace in Punjab. The Prime Minister time and again has said. Making such allegations time and again will not help solve the problem and the allegations become stale also. Sir, I hope Mr. Harikesh Bahadur will not make such allegations henceforth when there has been a rebuttal from the Government side.

He has made certain suggestions with regard to the involvement of the Opposition Parties. Atal Bihariji and other prominent leaders of the Opposition are sitting here. The Government never hesitated to seek the cooperation of the Opposition Parties to solve this problem of Punjab and, Sir, the Prime Minisier has categorically stated that the doors are open. She has made an appeal to the Akali leadership also that they should come for the negotiation table. As a matter of fact, the Prime Minister has spelt out certain proposals for the consideration of the Akali leadership. They are still before them and we hope that the Akali leadership will certainly realise the seriousness of the situation and come to a talk for evolving a formula that would help defuse the situation in Punjab.

Another thing which Mr. Harikesh Bahadur has referred to is about providing security to Shri Darbara Singh and others. Shri Darbara Singh has been provided with full security. Wherever anybody goes, if the Government gets prior information, we certainly provide all security arrangements that are necessary. We have said it categorically and we will tell in future also.

**श्री मनी राम बागड़ी** : केवल सरदार दरबारा सिंह की ही सिक्योरिटी है या पंजाब के लोगों की भी सिक्योरिटी है।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Sir, our great and venerable friend Shri Bagri whenever goes to Chandigarh, used to tele-

phone to me. He is given security. Not only to him but to other persons also, we have been giving security.

श्री मनी राम बागड़ी : पंजाब के लोगों की बात कर रहे हैं। पंजाब के लोगों को सिक्योरिटी मिलनी चाहिए या नहीं।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Another thing is that he has made certain observations with regard to....

श्री मनी राम बागड़ी : आप मुझे सिक्योरिटी मत दीजिए। मुझे कोई जरूरत नहीं है।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur) : He says, he does not want security.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : It is our duty.

If I may say so, I take liberty with my friend when he mentioned about the reported meeting of M.L.As. and M.Ps. from Punjab, perhaps his imagination was running riot. Perhaps, I do not know whether he was present at the meeting of the Congress-I MLAs and MPs to float this sort of story.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Sometime back, he was your friend also.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Yes, Sir.

That is why we have taken steps to counter these rumours. This sort of thing will not help solve the problem. Some false rumours are also being spread. I do not say that he has spread the false rumours.

SHRI HARIKESH BAHADUR : I quoted the Press report.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Instead of relying upon the information that we give and also the information that he collects, of all the papers, he relied on one particular paper and went on reading from the paper about the incidents and about what happened there.

Sir, the State Government have issued instructions to the district administration to launch counter propaganda against baseless and false rumours aimed at fanning communal ill-will. In each district, this job is being attended to on priority basis. Centres have been opened to give correct information to the people. TV, radio, Press etc., are being used to educate people and caution them against succumbing to propaganda. Peace and communal harmony committees have been activised and people from rural areas and a broad section of the people have been included to seek public cooperation in meeting the threats of rumour-mongering and motivated propaganda.

Another thing which I would like to tell the House is that, apart from our making an appeal to the Akali leadership to hand over anti-social people, I made a similar statement to other prominent Sikh leaders also to hand over those people so that action may be taken according to law.

I would like to inform the House that these so-called extremists are a heterogeneous lot. Smugglers, bootleggers and all type of people are involved. Unfortunately, they have taken a shelter in the Golden Temple to hide themselves and to prevent themselves from being apprehended by the Government. We are dealing with them in a manner that we will be able to flush out these people. We are trying to idendify them. Some of them we have apprehended. I may also inform the House that we have got valuable information during the interrogation and I can assure the House that we will seen try to identify these people and action will be taken against them under the law.

Time and again, the Government is being asked as to whether the Government would like to enter the Golden Temple. I have said time and again that this is a complex question and it will have various ramifications and repercussions. The Government consider it in all its aspects. I would only appeal to my hon. friend, Shri Harikesh Bahadur, now not to in any manner by his oblique observations or speech help to aggravate the situation. The time has come when all the leaders who want the integrity and secular character of the country to be maintained to help the Government and to

educate the people so that the problem is solved.

---

13.21 hrs.

## MATTERS UNDER RULE 377

### (i) Need to construct an airport near Simla

**श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी** (शिमला) : उपाध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश सम्भवत: देश में एक मात्र राज्य है जिसकी राजधानी देश के दूसरे भागों से हवाई सेवा से जुड़ी हुई नहीं है। भारत सरकार के नागरिक उड्डयन तथा पर्यटन मंत्रालय ने शिमला के निकट जब्बर हट्टी में हवाई अड्डा बनाने की योजना स्वीकृत की है। 15 अप्रैल, 1982 को तत्कालीन केन्द्रीय उड्डयन तथा पर्यटन मंत्री ने इसका शिलान्यास रखा। तत्पश्चात् हिमाचल राज्य सरकार ने इस हवाई अड्डे के निर्माण का कार्य आरम्भ किया।

केन्द्रीय पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच हुई बातचीत के आधार पर हिमाचल सरकार ने इस हवाई अड्डे को शिमला से जोड़ने के लिये लगभग 20 किमी० पक्की सड़क का निर्माण कर लिया है। अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण कर ली है और किसानों को मुआवजा स्वयं दिया है और विस्थापित परिवारों को भी अपने खर्च पर फिर से बसाया है।

इसके अतिरिक्त हवाई पट्टी बनाने के लिए पहाड़ को काटने का काम हिमाचल लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया जिस पर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक व्यय हुआ।

शिमला में हवाई अड्डे का होना न केवल यातायात की सुविधा के लिये ही आवश्यक है बल्कि पर्यटन के विकास के लिए भी अतिआवश्यक है। अत: मैं केन्द्रीय पर्यटन एवं नागरिक मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि वह इस हवाई अड्डे के निर्माण के लिए तुरन्त प्रभावशाली पग उठायें तथा इसके लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था करें। मेरी यह भी प्रार्थना है कि इस अड्डे का निर्माण पूर्व योजना के अनुसार हो और शिमला के लिए एक आधुनिक एवं सर्व-सुविधा युक्त हवाई अड्डे की सुविधा प्रदान करे।

### (ii) Need to take steps to protect 'bees' from 'sake wood' disease in Bihar

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : उपाध्यक्ष जी, मधुमक्खी पालन उद्योग भारत में अन्य देशों की तरह सरकारी, गैर-सरकारी एजेन्सियों द्वारा चल रहा है। उत्तर भारत में बिहार मधुमक्खी पालन उद्योग के लिए, अब तक काफी अनुकूल साबित हुआ है। मधुमक्खी पालन उद्योग बिहार में सीमान्त किसान, मजदूरों के लिए वरदान साबित हुआ है। वे इसे अपनी जीविका का आधार बना खुशहाली का जीवन जीते हैं। मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण आदि बिहार के जिलों में हजारों टन मधु का उत्पादन साधारण बात हो गयी थी।

पर मधुमक्खी वंश में विगत चार वर्ष पूर्व (सन् 1979-80) से एकाएक कोग शिशु रोग (सिक वुड) नामक एक अन्य, विषाणु रोग जो जातक को संक्रमित करता है देखा गया। यह रोग दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। इस रोग की रोकथाम के लिए पालक बिहार के सरकारी, गैर सरकारी एजेन्सियों के पदाधिकारियों ने संबंधित वैज्ञानिकों की मदद लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसकी जांच एवं रोकथाम के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग, केन्द्रीय मधुमक्खी पालन अनुसंधान पुणे में प्रयोग हो रहा है। अन्य देश के वैज्ञानिक भी इस रोग की रोकथाम में लगे हैं। यह रोग प्रान्त के अन्य जिलों, पटना, रांची आदि कई जिलों में भी फैल गया। जो पालक इस रोग की चपेट में आ गये वे बेसहारा और भुखमरी के शिकार बन गये।

समय पर अगर इस रोग की रोकथाम नहीं हुई, तो सारे भारत के मधुमक्खी वंश का सर्वनाश निकट भविष्य में हो जायेगा।